आकाशवाणी चंडीगढ़

28 सितम्बर 2024, समय 1810

समाचार---

1.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज हिसार में जन आशीर्वाद रैली को सम्बोधित करते हुए कहा की प्रदेश के नॉन स्टॉप विकास के लिए जनता भाजपा को तीसरी बार चुनने का मन बना चुकी है।

2.हरियाणा में विधान सभा चुनाव के मद्देनज़र सभी पार्टिओं द्वारा चुनाव प्रचार तेज़।

3.हरियाणा कांग्रेस ने आज अपना विस्तृत घोषणा पत्र जारी करते हुए इसमें समाज के विभिन्न वर्गों को लाभ देने हेतु विभिन्न वादे किये।

4.हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्गरवाल ने कहा की विधान सभा चुनाव के लिए पांच अक्टूबर को सवेतन अवकाश होगा।

5.हरियाणा में आज शहीद भगत सिंह की जयंती पर आयोजित हुए विभिन कार्यक्रम।

.....................................................................................................
.

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि सच में बड़ी ताकत है इससे कानूनी बिरादरी सशक्त बनती है। आज हैदराबाद में नलसर विश्वविद्यालय के 21वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने समाज के

सबसे निचले पायदान जी रहे वंचित वर्गों को सामाजिक न्याय दिलाने के लिए काम करने की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं की सराहना की और उनसे महिला सशक्तिकरण के लिए काम करने का आह्वान किया। उन्होंने महिलाओं पर हो रहे अत्याचार पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इसके खिलाफ सभी को मिलकर काम करना चाहिए।उन्होंने छात्रों से राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने करने दिशा में प्रयास करने का आहवान भी किया।

दीक्षांत समारोह के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को स्वर्ण पदक प्रदान किये। तेलंगाना के राज्यपाल, जिष्णु देव वर्मा, तेलंगाना के मुख्यमंत्री, ए. रेवंत रेड्डी, न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और नलसर विश्वविद्यालय के कुलपति आलोक अराधे भी इस मौके पर उपस्थित थे।

.........................................................................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज हिसार में भाजपा की जन आशीर्वाद रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जनता हरियाणा के नाॅन स्टाॅप विकास के लिए भाजपा को तीसरी बार लाने का मन पक्का कर चुकी है। कांग्रेस पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि जिस राज्य में कांग्रेस की सरकार होती है, वहां स्थिरता नहीं आ सकती। कांग्रेस झूठे वायदे करती है और चुनाव के बाद उनसे पल्ला झाड़ लेती है। हरियाणा में

कांग्रेस के गुट एक-दूसरे को पटकनी देने में लगे हैं। मुख्यमंत्री के पद के लिए पार्टी में मारा-मारी है।

प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि दलितों के लिए कांग्रेस के दरवाजे बंद हैं। उन्होंने कांग्रेस पर आरक्षण को खत्म करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वोट के अलावा कांग्रेस को कुछ नहीं दिखता, जबकि भाजपा ने वंचितों को सहारा देकर उनके सपनों को उड़ान दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा किसानों की समस्याओं को सुलझा रही है, जबकि कांग्रेस किसानों को भी वोट बैंक के रूप में देखती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय में सिर्फ दो रुपये का मुआवजा देकर किसानों का अपमान किया गया। किसानों की बात करने वाली कांग्रेस से पूछा जाना चाहिए कि उन्होंने कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश में कितने वायदों को पूरा किया।

वहीं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश में हार के डर से इंडी गठबंधन ने हाथ नहीं मिलाया। कांग्रेस अभी तक अपने मुख्यमंत्री का नाम नहीं बता पाई, जबकि भाजपा में मुख्यमंत्री का चेहरा तय है। उन्होंने कहा कि हरियाणा हमेशा केंद्र के साथ चलता है और 58 वर्षों के इतिहास में सिर्फ दो साल छोड़कर केंद्र और राज्य में एक ही सरकार रही है। इस बार भाजपा तीसरी बार सत्ता में वापसी करेगी।

.........................................................................................

हरियाणा कांग्रेस ने प्रदेश चुनाव के लिए आज चंडीगढ़ में अपना विस्तृत घोषणा-पत्र जारी किया। इस दौरान कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेशाध्यक्ष उदयभान, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और

घोषणा-पत्र समिति की अध्यक्ष गीता भूक्कल सहित अन्य बड़े नेता मौजूद रहे।

कांग्रेस द्वारा जारी घोषणा-पत्र में किसान आयोग का गठन, छोटे व सीमांत किसानों और खेतिहर मजदूरों को दस लाख जीवन बीमा तथा डीजल पर सब्सिडी के लिए किसान डीजल कार्ड जारी की बात कही गई है। खेतिहर मजदूरों के उत्थान के लिए सम्मान निधि दी जाएगी। पार्टी ने विद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में खाली पदों को भरने तथा अध्यापकों की भर्ती के लिए अलग से राज्य शिक्षक चयन आयोग बनाने की घोषणा की है। महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 33 प्रतिशत आरक्षण देने की बात कही गई है। साथ ही स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करने को घोषणा-पत्र में शामिल किया है। महिलाओं की मालिकाना हक वाली संपति पर लगने वाले हाउस टैक्स 50 फीसदी की छूट देने का वायदा किया है। शहीद के परिवारों को दो करोड़ रूपये शहीद सम्मान राशि के रूप में दिए जाएगी। पदक लाओ-पद पाओ की नीति फिर से लागू होगी। अनावश्यक पोर्टलों की समीक्षा कर उन्हें बंद किया जाएगा।

उधर, कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस के घोषणा-पत्र पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सीएलयू गैंग ने 2005 से 2014 तक किसानों की जमीनें लूटी है लेकिन भाजपा ने सीएलयू की फाइलों को ऑनलाइन करके इस गैंग से किसानों को मुक्ति दिलाई है। उन्होंने कहा

कि सीएलयू गैंग के प्रकोप से प्रदेश को बचाने के लिए लोगों को एकजुट होकर 5 अक्टूबर को कांग्रेस को हराने के लिए वोट करना होगा।

.........................................................................................................

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने बताया कि विधानसभा चुनाव के लिए 5 अक्टूबर को सवेतन अवकाश के रूप में मनाया जाएगा। यह हरियाणा के सरकारी कार्यालयों, निगमों, शैक्षणिक संस्थानों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों, दुकानों, कारखानों और वाणिज्यिक व्यवसायों में कार्यरत सभी पात्र मतदाताओं पर लागू होता है। इस संबंध में मुख्य सचिव द्वारा पहले ही अधिसूचना जारी कर दी गई है। साथ ही मुख्य सचिव ने हरियाणा में स्थित विभिन्न कारखानों, दुकानों व निजी संस्थानों के उन कर्मचारियों जो की हरियाणा के पंजीकृत मतदाताओं के लिए भी सवेतन अवकाश अधिसूचित किया है।

इसी प्रकार दिल्ली, पंजाब, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश सहित पड़ोसी राज्यों ने भी अपने संबंधित राज्य में काम करने वाले हरियाणा के पंजीकृत मतदाताओं के लिए 5 अक्टूबर को सवेतन अवकाश देने की अधिसूचना जारी की है, ताकि वे अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित कर सकें।

.........................................................................................

हरियाणा के चुनाव प्रभारी एवं केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने करनाल में बीजेपी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बाद में एक प्रेसवार्ता में धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि हरियाणा सरकार 26 फसलों पर एमएसपी देने के साथ लाडो लक्ष्मी योजना और बिना पर्ची व खर्ची के लाखों नियुक्ति करवाने जैसे अनेक कल्याणकारी कार्यक्रमों को लेकर

आ रही है। उन्होंने कहा कि नायब सैनी के नेतृत्व में भारी बहुमत के साथ हमें एक बार फिर प्रदेश की सेवा करने का अवसर मिलेगा। विपक्ष के पास आज कोई मुद्दा नहीं है इसलिए वह हताश है। हरियाणा के युवाओं के विदेश में जाने के सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अगर राहुल गांधी को भारत से इतना लगाव था तो वे खुद क्यों विदेश में पढ़ने गए थे। कांग्रेस झूठ का सहारा ले रही है। वहीं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि हरियाणा में तीसरी बार सरकार बनाने का रिकॉर्ड भी बीजेपी के नाम होगा।

...................................................

बीजेपी के राष्ट्रीय सचिव ओपी धनखड़ ने आज रोहतक में एक प्रेसवार्ता के दौरान कांग्रेस द्वारा आज जारी किए विस्तृत घोषणा पत्र को छलावा करार दिया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी का संकल्प पत्र जनता के बीच लोकप्रिय हो रहा है जबकि कांग्रेस पार्टी 7 दिन पहले भी घोषणा पत्र जारी किया था, जो जनता को रास नहीं आया तो फिर दोबारा से जारी कर दिया।

उन्होंने कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों के नौकरियों को लेकर दिए गए बयानों को लेकर कहा कि यह कांग्रेस की मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा पर की गई टिप्पणी की आलोचना करते हुए कांग्रेस की गुटबाजी पर भी कटाक्ष किया।

.....................................................................

जजपा नेता दुष्यंत चैटाला ने आज फतेहाबाद के गांव जल्लूपुर में जजपा व आजाद समाज पार्टी की संयुक्त रैली को संबोधित किया।

उन्होंने भाजपा व कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि राष्ट्रीय पार्टियां लोकल उम्मीदवारों का शोषण करके छोड़ देती हैं लेकिन क्षेत्रीय पार्टियां हमेशा अपने उम्मीदवारों का साथ देती है। आप लोग संयुक्त प्रत्याशी रमेश कुमार को जिताकर विधानसभा में भेजें क्योंकि आपके दुख-सुख में रमेश हमेशा आपके काम आएगा। दुष्यंत ने कहा कि हरियाणा की जनता ने इस बार जजपा-आसपा के गठबंधन वाली सरकार बनाने का मन बना लिया है।

वहीं इनेलो नेता अभय सिंह चैटाला ने भी फतेहाबाद में पार्टी उम्मीदवार सुनैना चैटाला के समर्थन में चुनाव प्रचार किया और लोगों से उनके पक्ष में मतदान की अपील की। अभय सिंह ने भाजपा व कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि हुड्डा ने 10 साल तक सीएम रहते किसानों की जमीनों को जमकर लूटा वहीं भाजपा ने भी अपने 10 साल के शासनकाल में प्रोपर्टी आईडी के नाम पर जमकर लूट मचाई।

............................................................

एनआईटी फरीदाबाद की डबुआ सब्जी मंडी में आयोजित भाजपा की रैली में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता को संबोधित किया। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कांग्रेस का मतलब समस्या जबकि भाजपा का मतलब समाधान है। बीजेपी का मतलब सुरक्षा की गारंटी है। उन्होंने कहा कि 500 वर्षों के बाद रामलाल का विवाद भी समाप्त हो गया। डबल इंजन सरकार की जो डबल स्पीड बनी हुई है हरियाणा के लोगों को उसे बाधित नहीं होने देना है।

इसके बाद योगी आदित्यनाथ ने अटेली विधानसभा में आयोजित जन आशीर्वाद रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आरती राव को यहां से जीताकर जनता महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दें।

.............................................................

केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले आज कुरुक्षेत्र के एक निजी होटल में थानेसर से भाजपा प्रत्याशी सुभाष सुधा के समर्थन में प्रेस वार्ता करने पहुंचे।

इस दौरान उन्होंने कहा कि हरियाणा में पूरी तरह से भाजपा का माहौल है और पूरे हरियाणा में वह प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करेंगें।

कांग्रेस द्वारा मुफ्त बिजली पानी दिए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस चाहती तो मुफ्त बिजली पानी की बजाय गरीब लोगों को अन्न देती और केवल बीजेपी पार्टी ऐसी है जो गरीब लोगों का हित चाहती है और गरीब और दलितों के हित की बात करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की आरक्षण विरोधी सोच है इसीलिए तो अमेरिका में राहुल गांधी आरक्षण को खत्म करने की बात करते हैं। उन्होंने कहा कांग्रेस हरियाणा में तीसरी बार सरकार बनाएगी।

..................................................................

आज शहीद भगत सिंह की जयंती पुरे प्रदेश में मनाई जा रही है। भिवानी में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल लोगो ने शहीद भगत सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया।यहाँ हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के वाईस चेयरमैन विजेंद्र बडगुज्जर ने भगत सिंह के जीवन और देश के प्रति उनके अद्वितीय योगदान पर अपने विचार प्रकट किए। उधर कालका के श्रीमती अरुणा आसफ अली राजकीय

महाविद्यालय कार्यक्रम में भगत सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उपरांत प्राचार्या प्रोमिला ने कहा कि उनकी विरासत आज भी प्रेरणा स्रोत है। उनकी बहादुरी, निष्ठा और बलिदान भारतीय युवाओं को प्रेरित करती रहेगी। उनकी जयंती पर हमें उनके आदर्शों और मूल्यों को अपने जीवन में साकार करना चाहिए।

............................................................

सोनीपत के रिढ़ाऊ गांव में अवैध तौर पर चल रही पटाखा फैक्ट्री में भीषण आग लगने पर तीन लोगों की जलने से मौत हो गई जबकि जबकि आधा दर्जन व्यक्ति बुरी तरह झुलस गए। झुलसे कारीगरों को रोहतक पीजीआई रेफर किया गया है। ग्रामीणों के अनुसार मृतकों में दो महिलाएं जबकि एक बच्चा शामिल है, जिनक पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। माना जा रहा है कि गैस सिलेंडर में रिसाव के बाद आग लगी है। फैक्ट्री में जोरदार धमाके के बाद ग्रामीणों को हादसे का पता चला। जिस मकान में पटाखे बनाए जा रहे थे, वह ढ़ह गया और काम करने वाले मजदूर मलबे में दब गए। पुलिस ने मकान मालिक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को कुछ संदिग्ध चीजें मिली हैं, जिसकी फॉरेंसिक टीम जांच कर रही है।

...................................................................

.